संख्या-01/2026/11/सत्तर-7-2026-001-3(32)/2001

**प्रेषक,**

**राम जन्म चौहान,**
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

**निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0
प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग-7 — लखनऊः दिनांक 17 फरवरी, 2026

**विषयः-** वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-73 के अन्तर्गत राजकीय पब्लिक लाईब्रेरी, प्रयागराज हेतु 25-लघु निर्माण कार्य मद में प्राविधानित बजट की वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या-डिग्री बजट/2965/2025-26, दिनांक 16.01.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-73 के अन्तर्गत राजकीय पब्लिक लाईब्रेरी, प्रयागराज हेतु मानक मद 25-लघु निर्माण कार्य मद में प्राविधानित धनराशि रु. 3,00,000/- (रुपये तीन लाख मात्र) की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन प्रदान करते हुए आपके निर्वतन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

**नियम व शर्तें/प्रतिबंधों**

1. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग उन्हीं कार्यों/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। किसी अन्य कार्यों/मदों में धनराशि का व्यय अथवा व्यवर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
2. स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक खाता या पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।
3. गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए पारदर्शिता के अनुसार ही कार्य सुनिश्चित किया जायेगा। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि निर्माण कार्य में कोई कमी/त्रुटि न हो।
4. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय शासन के नियमों एवं प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा।
5. स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र दिनांक 31.03.2026 तक निर्धारित प्रारूप पर अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा।

6. किसी भी वित्तीय अनियमितता का उत्तरदायित्व निदेशक/वित्त नियंत्रक, उच्च शिक्षा/आहरण वितरण अधिकारी, राजकीय पब्लिक लाइब्रेरी, प्रयागराज का होगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 3,00,000 (रुपये तीन लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 073 लेखा शीर्षक 4202018000300 पब्लिक लाईब्रेरी, इलाहाबाद मानक मद 25 लघु निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
राम जन्म चौहान
उप सचिव

संख्या-01/2026/11/सत्तर-7-2026-001-3(32)/2001, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा प्रथम/द्वितीय) उ0प्र0, प्रयागराज/लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, प्रयागराज।
4- वित्त नियंत्रक, उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-11, उ0प्र0 शासन।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
7- पुस्तकालयाध्यक्ष, राजकीय पब्लिक लाइब्रेरी, प्रयागराज।
8- उच्च शिक्षा अनुभाग-4
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
राम जन्म चौहान
उप सचिव